भारतीय मूल के खिलाड़ियों का जलवा

नई दिल्ली। विराट कोहली की कप्तानी अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले कई खिलाड़ी भले ही अलग-अलग दिशाओं में चले गए हों लेकिन युवा प्रवासी और भारतीय मूल के खिलाड़ी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में कमाल मचा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी से लेकर न्यू जीलैंड के लिए शानदार प्रदर्शन करने तक, भारतीय मूल के खिलाड़ी मौजूद हैं। कनाडा और कीनिया की टीम में तो बड़ी संख्या में भारतीय मूल के खिलाड़ी अपना हुनर दिखा रहे हैं। यह वर्ल्ड क्रिकेट का देसी टेकओवर है।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और मिडल ऑर्डर बल्लेबाज जेसन संघा उसी क्लब की ओर से खेलते हैं जिसके लिए डेविड वॉर्नर खेला करते थे। जेसन का पूरा नाम जेसन जसकीरत संघा है। उन्होंने हाल ही में कहा था, मेरी जड़ें भारतीय हैं। मैं कैसे क्रिकेट के लिए दीवाना नहीं होता? चंडीगढ़ में पैदा हुए ऑलराउंडर परम उप्पल, जो ऑफ स्पिनर गेंदबाजी करने के साथ-साथ उपयोगी बल्लेबाजी भी कर लेते हैं, भारतीय प्रवासी हैं जो ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 में खेल रहे हैं। मेजबान न्यू जीलैंड के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ी- ओपनर जैकब भुला और बाएं हाथ के स्पिनर रचिन रविंद्र की कहानी भी ऐसी ही है। ज्यादातर स्कोरबोर्ड्स पर उनका नाम शायद पूरा न आए- जैकब जैरॉर्ड नारन पटेल भुला। बुधवार को भुला ने अंडर-19 मुकाबले में कीनिया के खिलाफ 180 रन बनाए। रविंद्र के पापा जवागल श्रीनाथ के साथ बेंगलुरु में क्लब क्रिकेट खेलते थे। रविंद्र ने 117 रनों की पारी खेली थी। रविंद्र के गेंदबाजी हुनर की तारीफ सौरभ गांगुली ने भी की। गांगुली इस टूर्नमेंट में कॉमेंटेटर की भूमिका में हैं।

अंडर-19 विश्व कप

संदीप पटेल न्यू जीलैंड की टीम में भारतीय मूल के तीसरे खिलाड़ी हैं। कीवी टीम में पटेल कनेक्शन वैसे भी काफी पुराना है। दीपक पटेल ने 1992 के विश्व कप में अपनी ऑफ ब्रेक बोलिंग से सभी को हैरान किया था। हाल ही में जीतन पटेल भी न्यू जीलैंड के लिए खेले। न्यू जीलैंड के खिलाफ कीनिया की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज अमन गांधी का भी भारतीय कनेक्शन है। उनकी टीम के पास एक सचिन भी है। उनके कप्तान का नाम है- सचिन रमणिकलाल भुधिया। इस अफ्रीकी टीम में भारतीय मूल के कई खिलाड़ी मौजूद है- अभिषेक चिदंबरम, अवीत देसाई, अंकित हिरानी, जयंत मेपानी, जसराज कुंडी, सुखदीप सिंह और सिद्धार्थ वासुदेव, ऐसे ही खिलाड़ी हैं।

कनाडा की टीम में भी भारतीय मूल के कई खिलाड़ी मौजूद हैं : आकाश गिल ने नामीबिया के खिलाफ गेंद और बल्ले (52 रन और 43 रन देकर चार विकेट) से शानदार प्रदर्शन किया। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी मिला। केविन सिंह, प्रणव शर्मा, रणधीर संधू, अरण पथ्मानाथन, रिशिव जोशी, अर्शदीप धालीवाल, आस्थन देव समी, कृष्ण सैमुअल, ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी जड़ें भारत में मौजूद हैं। इतना ही नहीं आयरलैंड में वरुण चोपड़ा हैं तो इंग्लैंड में लंबे कद के प्रेम सिसौदिया, जो बाएं हाथ से गेंदबाजी करने के साथ-साथ अच्छी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। साउथ अफ्रीका में जीवशन पिल्लै हैं।

हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में कालीचरण ने कहा था कि वह सचिन तेंडुलकर और ब्रायन लारा को खेलते देख बड़ा हुआ है और अब उसे विराट कोहली को बल्लेबाजी करते देख आनंद आता है।

भारत को तेज गेंदबाजों वाला देश बनने में लंबा समय लगेगा : अख्तर

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा हो रही है और हाल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शोएब अख्तर इसे सिर्फ एक शुरुआत के रूप में देखते हैं जिन्हें अच्छे तेज गेंदबाजों वाला देश बनने के लिए अभी लंबा सफर तय करना है। लंबे समय के बाद भारत ने तेज गेंदबाजों का अच्छा पूल बनाया है और इनमें से पांच- इशांत शर्मा, उमेश यादव, मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह, साउथ अफ्रीका में टीम के साथ हैं।

भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आक्रमण के बारे में पूछने पर अख्तर ने कहा, मैं ऐसा नहीं कहूंगा। मैं कहूंगा कि वे धीरे-धीरे सुधार कर रहे हैं और भारत के एक अच्छा गेंदबाजों वाला देश कहने से पहले लंबा सफर तय करना है। उन्होंने कहा, पांच साल पहले, मैंने सोचा था कि वरुण आरोन, उमेश यादव और मोहम्मद शमी विदेशी दौरों पर भारत की तेज गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व करेंगे। अख्तर ने कहा, ..लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आरोन के साथ फिटनेस के मुद्दे रहे, यादव ने टुकड़ों में प्रदर्शन किया और कभी-कभार वह काफी खराब रहे जैसे वहाब रियाज। अख्तर का मानना है कि गेंदबाजों का मौजूदा प्रदर्शन अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली और टीम प्रबंधन की जो सोच दिखती है, उससे लगता है कि वे बेहतर ही होंगे।

धोनी ने किया विराट टीम का बचाव, कहा-ले तो रहे हैं 20 विकेट

चेन्नई। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम के लचर प्रदर्शन का बचाव करते हुये कहा कि टीम के लिये कई सकारात्मक पहलू है, जिसमें से गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन प्रमुख है। विराट कोहली के नेतृत्व में विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से 3 मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही है।

श्रृंखला का तीसरा मैच जोहानिसबर्ग में खेला जायेगा। टेस्ट मैच से संन्यास लेने के बाद भी वनडे में खेलना जारी रखने वाले इस दिग्गज ने कहा, मैं कहूंगा कि सकारात्मक पहलू देखिये। टेस्ट मैच जीतने के लिये आपको 20 विकेट लेना होता है और हमने 20 विकेट लिये है। अगर आप 20 विकेट नहीं ले सकते तो आप टेस्ट मैच ड्रॉ करने की सोचते है। टेस्ट मैच ड्रॉ करने के लिये आपको काफी रन बनाने होंगे और विपक्षी टीम का रन बनाने से रोकना होगा।

धोनी ने कहा कि तथ्य यह है कि भारतीय गेंदबाज मैच में 20 विकेट ले रहे है जो यह दिखाता है कि हम जीत से ज्यादा दूर नहीं। उन्होंने कहा, आप भारत में खेले या विदेश में अगर आप 20 विकेट नहीं ले सकते तो आप टेस्ट मैच नहीं जीत सकते। बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि हम 20 विकेट ले रहे है। इसका मतलब यह हुआ कि हम हमेशा मैच जीतने की स्थिति में रहेंगे बस एक बार रन बनाना शुरू कर दें।

आईपीएल के शुरुआती 8 सत्र में चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) का नेतृत्व करने वाले झारखंड के इस विकेटकीपर ने कहा, मैंने सीएसके के अलावा दूसरे किसी फ्रेंचाइची से खेलने के बार में भी नहीं सोचा है। चेन्नै मेरा दूसरा घर है। यहां के प्रशंसकों ने मुझे किसी अपने की तरह गोद लिया है। स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में शामिल होने के आरोप में 2013 में सीएसके पर दो साल का प्रतिबंध लगा है, जिसके बाद टीम इस सत्र में फिर से वापसी कर रही है। धोनी ने कहा, आईपीएल की कई टीमों ने मुझ से संपर्क किया, लेकिन मैं सीएसके के अलावा किसी और टीम के बारे में सोच भी नहीं सकता। हम जैसी स्थिति में थे, टीम प्रबंध का रवैया और प्रशंसकों के साथ के कारण यह हमारे लिए ये खास जगह है। इसलिये किसी दूसरे फ्रेंचाइजी के बारे में सोचने का सवाल ही नहीं था। धोनी के अलावा सीएसके ने सुरेश रैना और रविंद्र जडेजा को रिटेन किया है।

ऑस्ट्रेलिया में गर्मी को लेकर परेशान हुए रोजर फेडरर और जोकोविच

मेलबर्न। गत चैंपियन रोजर फेडरर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भीषण गर्मी से खिलाड़ियों को हो रही परेशानी पर कहा कि उन्हें इतना फिट होना चाहिये कि वे गर्मी झेल सकें। तापमान बढ़ने से मेलबर्न पार्क की स्थिति भट्टी जैसी हो रही है और अनुमान है कि शुक्रवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। फेडरर का बयान ऐसे समय आया है जब गर्मी के कारण उनका दम घुट रहा था। उन्होंने कहा, अगर आप शीर्ष पर आना चाहते है तो आपको हर परिस्थिति में खेलना आना चाहिये। नोवाक जोकोविच ने स्थिति को अमानवीय करार देते हुये कहा कि मैच के दौरान वहां सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। आयोजकों ने बताया कि वे भीषण गर्मी नीति को तब लागू करते है जब तापमान 40 डिग्री पर पहुंच जाता है और वैश्विक तापमान सूचकांक मापने के लिये लगा वेट बल्ब 32.5 डिग्री तक पहुंच जाता है। ऐसी स्थिति में खेल रोक दिया जाता है या छत को बंद कर दिया जाता है। टूर्नमेंट निदेशक क्रेग टिले ने कहा कि ऑस्ट्रेलियन ओपन इकलौता टूर्नमेंट है जहां गर्मी को लेकर नीति है।

जडेजा शेयर की शेर के साथ तस्वीर, लिखा- शेर तो शेर ही होता है...

नई दिल्ली। टीम इंडिया भले ही दोनों टेस्ट हार गई हो, लेकिन बावजूद खिलाड़ियों के मनोबल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। भारतीय खिलाड़ी हर पल अपने अंदाज में रहते हैं। स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने इसी अंदाज को बयां किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक शेर के साथ मस्ती करते वक्त की फोटो डाली है। फोटो से ज्यादा इसके कैप्शन की चर्चा हो रही है।

फिटनेस की वजह से अब तक साउथ अफ्रीका के खिलाफ दोनों टेस्ट मैच नहीं खेल पाने वाले इस खिलाड़ी ने लिखा, शेर, शेर होता है... चाहे सासन गिर हो या फिर जोहानिसबर्ग। पिंजरे में शेर को बहुत लोग पत्थर मारते हैं, असली मर्द सामने खड़े होते हैं। बता दें कि भारतीय टीम को केप टाउन टेस्ट में 72 रनों से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि सेंचुरियन में मेजबान टीम ने 135 रनों से जीत दर्ज की थी।

दो टेस्ट गंवाने के बाद से भारतीय टीम पर सवाल उठने लगे हैं। खासकर कप्तान विराट कोहली के ऊपर। उप कप्तान अजिंक्य रहाणे और फॉर्म में चल रहे भुवनेश्वर को बाहर रखने के फैसले की आलोचना हो रही है। रहाणे की जगह टीम में शामिल रोहित शर्मा अब तक कोई कमाल नहीं कर पाए हैं।

विराट कप्तानी में सिर्फ कोहली सुरक्षित

नई दिल्ली। विराट कोहली तब खुश नहीं थे जब साउथ अफ्रीका के एक पत्रकार ने उनसे उनकी कप्तानी में खेले गए सभी 34 टेस्ट मैचों में अलग टीम उतारने के बारे में सवाल किया लेकिन आंकड़ों से साफ हो जाता है कि टीम सिलेक्शन में निरंतरता का अभाव रहा और कई खिलाड़ियों को इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा। टीम चयन पर नजर डाली जाए तो मिलेगा कि उनके अलावा कोई भी खिलाड़ी टीम इंडिया में लगातार नहीं खेला।

यहा पूरी तरह से फ्लॉप रहे कप्तान : टीम में बदलाव के शौकीन विराट ने 7 टेस्ट मैचों में कम से कम 1 खिलाड़ी, 16 टेस्ट मैचों में 2 खिलाड़ी, 6 मैचों में 3 खिलाड़ी, 4 टेस्ट मैचों में 4 खिलाड़ी और 1 टेस्ट मैच में 5 खिलाड़ी (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में कप्तानी के अपने डेब्यू मैच में) बदले। कोहली की कप्तानी में भारत को कभी एक अदद ओपनिंग जोड़ी नहीं मिल पाई। मुरली विजय, केएल राहुल और शिखर धवन या तो फॉर्म के कारण बाहर किए गए या फिर चोटिल होने की वजह से।

7 ओपनर आजमाए : उनके कप्तान रहते विजय ने 25, राहुल ने 20 और धवन ने 17 टेस्ट मैच खेले। इस दौरान भारत ने सात ओपनर आजमाए।

साउथ अफ्रीका के लिए रवाना होंगे दिल्ली के सैनी

नई दिल्ली। दिल्ली रणजी टीम के पेस बोलर नवदीप सैनी शुक्रवार को जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होंगे। वहां भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़ेंगे। बल्लेबाजों को नेट्स पर गेंद डालेंगे। यह तब है, जब दौरे पर पहले से ही भारत के पांच सबसे अच्छे माने जाने वाले पेस बोलर मौजूद हैं लेकिन बीसीसीआई साउथ अफ्रीका के हाथों सीरीज गंवा चुकी अपनी टीम के लिए अब 24 तारीख से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के पहले अपनी तरफ से वह सबकुछ कर लेना चाहती है, जिसकी परवाह दरअसल उसे इस अहम सीरीज के शुरू होने से पहले करनी चाहिए थी। नवदीप ने कहा, मुझे दिन में ग्यारह बजे के आसपास बीसीसीआई के एक अधिकारी ने फोन किया। उन्होंने कहा कि तुम्हें जोहानिसबर्ग के लिए निकलना है। वहां टीम को नेट्स पर बोलिंग डालनी है। मुझे अपने कानों पर भरोसा नहीं हुआ। इस एक कॉल से बहुत खुशी मिली। साल 2013-14 सीजन से मैंने रणजी क्रिकेट खेलना शुरू किया। पिछले सीजन इंडिया-ए के लिए खेला और अब भारतीय टेस्ट टीम से, नेट्स बोलर के तौर पर ही सही, जुड़ने का मौका मिल रहा है। इस तरह आगे बढ़ना अच्छा लगता है। टीम में एक से बढ़ कर एक दिग्गज बल्लेबाज हैं। नेट्स पर मेरी कोशिश उन्हें छोटी (शॉर्ट पिच) और ऊपर (गुड लेंथ) की गेंदें खिलाने की होगी।

आईसीसी पुरस्कार जीतने पर तेंडुलकर ने की कोहली की तारीफ

नई दिल्ली। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर ने गुरुवार को भारतीय कप्तान विराट कोहली की आईसीसी वार्षिक पुरस्कारों में अधिकतर प्रमुख पुरस्कार हासिल करने पर जमकर तारीफ की। सभी प्रारूपों में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कोहली को वर्ष का विश्व क्रिकेटर चुना गया। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी वार्षिक पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी भी चुना गया। तेंडुलकर ने ट्वीट किया, कोई हैरानी नहीं हुई। आप इसके हकदार थे। बहुत-बहुत बधाई। बता दें महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर भी साल 2010 में आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द इयर का पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं।

भारतीय पेसर्स ने मुझे हैरान किया : एबी डि विलियर्स

जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डि विलियर्स ने भारत के लिए यहां अभी तक निराशाजनक रहे दौरे में कुछ सकारात्मक पक्ष देखे हैं। यह भारतीय टीम का पेस बोलिंग अटैक है जिससे कि मेजबान हैरत में पड़ गए हैं। डि विलियर्स ने भारत के खिलाफ 10 फरवरी को होने वाले वनडे मैच के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में कहा, भारत ने वास्तव में मुझे प्रभावित किया। उन्होंने हमें अपने पेस बोलिंग अटैक से हैरत में डाला। उन्होंने काफी कौशल दिखाया और निश्चित तौर पर हमारी उम्मीद से अधिक तेजी से गेंदबाजी की।

इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि वह पांच दिनी मैचों में वापसी करके खुश हैं। उन्होंने इसके साथ ही साउथ अफ्रीका के ऑलराउंड प्रदर्शन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट वास्तविक चुनौती होता है। एक महत्वपूर्ण सीरीज का हिस्सा बनना और उसमें जीतना वास्तव में आनंददायक है। मेरा मानना है कि फील्डर, बोलर, बैट्समेन सभी के प्रयासों से हम यह जीत दर्ज कर पाए। यह टीम का ऑलराउंड प्रदर्शन था। मैं निश्चित तौर पर अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। ये दोनों टेस्ट मैच शानदार थे।

डि विलियर्स ने दिसंबर 2015 के बाद टेस्ट मैचों में वापसी करने तथा अपनी फिटनेस के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मेरा शरीर अभी ठीक हैं। थोड़ी बहुत परेशानी है लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा है। आप कभी शत प्रतिशत फिट महसूस नहीं करते। अब भी पीठ, टखने और घुटनों का मसला है लेकिन खेल के सर्वोच्च फॉर्मेट में खेलना बहुत बड़ी चुनौती है। डि विलियर्स ने भारतीय कप्तान विराट कोहली की सेंचुरियन में पहली पारी में खेली गई 153 रन की पारी की भी तारीफ की।

ऑस्ट्रेलियन ओपन: प्री-क्वॉर्टर फाइनल में रोहन बोपन्ना, दिविज शरण

मेलबर्न। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और दिविज शरण ने अपने-अपने मैचों में जीत हासिल कर साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के युगल मुकाबलों के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बोपन्ना ने शुक्रवार को खेले गए मेंस डबल्स वर्ग में अपने फ्रांसीसी साझेदार एडवर्ड रोजर-वैसलिन के साथ पुर्तगाल के जोआओ सोउसा और अर्जेंटीना के लियोनार्डो मायेर को मात दी। एडवर्ड और बोपन्ना की जोड़ी ने जोआओ और मायेर को दूसरे दौर में 6-2, 7-6 (7-3) से मात देकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। इस बीच, शरण ने अपने अमेरिकी जोड़ीदार राजीव राम के साथ मिलकर इटली के फैबियो फोगनिनी और स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शरण और राजीव की जोड़ी ने पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में 4-6, 7-6 (7-4), 6-2 से मात दी। इसके अलावा, पाविक और माराच ने अपने संघर्षपूर्ण मैच में न्यू जीलैंड के आर्टेम सिताक और नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-7 (5-7), 6-4, 6-4 से हराकर जीत हासिल की।

हार के बाद कोहली ने बंद कमरों में की टीम के खिलाड़ियों से मीटिंग

जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में दूसरे टेस्ट में हारते ही टीम इंडिया के हाथ से सीरीज भी निकल गई। टीम इंडिया हार से काफी दुखी थी। गुरुवार को टीम के खिलाड़ी या तो एक-दूसरे के साथ या फिर कप्तान कोहली के साथ गंभीर मीटिंग में व्यस्त रहे। कप्तान कोहली ने केप टाउन में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद इच्छाशक्ति का जिक्र किया था। मीटिंग के दौरान भी इस बात पर काफी जोर दिया गया।

माना जा रहा है कि विदेशी दौरों पर भारतीय टीम के सबसे कामयाब बल्लेबाज रहे अजिंक्य रहाणे को तीसरे टेस्ट में मौका मिल सकता है। टी20 क्रिकेट की अधिकता के कारण पर्सेंटेज क्रिकेट कहीं खो गया है। यह उस तरह का खेल होता है जिसमें कम जोखिम उठाकर विकेट पर अधिक से अधिक वक्त बिताने की रणनीति पर काम किया जाता है। मुरली विजय के खेल में भी हड़बड़ी नजर आई। तीन ओवर्स तक वह साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की ऑफ स्टंप की बाहर की गेंदों को खेलने की गैरजरूरी कोशिश करते रहे। आखिरकार एक गेंद चेन्नै के इस बल्लेबाज के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर डि कॉक के दस्तानों में चली ही गई। दिन का खेल खत्म होने में 25 ओवर्स बाकी थे। वह गेंद पर रन बनाने की कोशिश करने के बजाय अगर विकेट पर वक्त बिताने का प्रयास करते तो बेहतर होता। पुजारा ने सेंचुरियन टेस्ट में अपनी पहली गेंद मिड-ऑन पर खेलकर एक रन लेने की कोशिश की। पुजारा का क्रिकेट संयम भरा होता है। ऐसे में पहली ही गेंद पर तेजी से एक रन लेने की कोशिश करना उनके स्वभाव के थोड़ा विपरीत था। इतना ही काफी नहीं था। दूसरी पारी में जब भारत को पुजारा से विकेट पर टिकने की दरकार थी तब उन्होंने दोबारा एक जोखिमभरा तीसरा रन लेने की कोशिश की। और वह भी एबी डि विलियर्स के हाथों से। पुजारा रन पूरा करने में चूक गए। वह टेस्ट क्रिकेट की दोनों पारियों में रन आउट होने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

बेंगलुरु के राहुल भी साउथ अफ्रीका में सेट नहीं हो पाए हैं। उनके फुटवर्क में कमी साफ तौर पर देखी गई। सेंचुरियन की पहली पारी में उन्होंने मॉर्ने मॉर्केल की गेंद उनके बल्ले से लगकर विकेटों से जा टकरा गई। इस गेंद को खेलते समय उनका फुटवर्क बिलकुल नहीं था। दूसरी पारी में जब उन्होंने कट शॉट खेला जब भी उनका फुटवर्क बिलकुल नहीं था। वह काफी जल्दी में नजर आ रहे थे। मुंबई के बल्लेबाज रोहित शर्मा को अजिंक्य रहाणे के स्थान पर टेस्ट एकादश में शामिल किया गया।

बिग बाजार के सबसे सस्ते 5 दिन 24 से 28 जनवरी तक

भारत का अग्रणी हायपर मार्केट बिग बाजार 24 से 28 जनवरी तक अपनी प्रतिष्ठित सबसे सस्ते 5 दिन के साथ लौट आया है। ग्राहक इस साल डबल धमाका की उम्मीद कर सकते हैं। क्योंकि, देश की अग्रणी रिटेलर अपने प्रतिष्ठित सबसे सस्ते 5 दिन की 12 वीं वर्षगांठ को भी मना रहा है। ये पावर-पैक सेल फूड, घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एपरेल्स, जूते, खिलौने, सामान, बरतन, घरेलू सजावट और कई अन्य श्रेणियों में बहुत बचत और छूट की पेशकश करती है। ग्राहक अपने नजदीक के बिग बाजार के पॉप-अप स्टोर पर जा सकते हैं आर्डर कर सकते हैं। सामान उनके घर पहुँच जाएगा। वैकल्पिक एक क्यू-आर कोड पोस्टर से ग्राहकों को प्रमुख ऑफर्स के बारे में आसानी से पता चल सकता है और वे कैशलेस खरीदारी भी कर सकते हैं। बिग बाज़ार के सबसे सस्ते 5 दिन में ग्राहकों को 5000 रुपए की खरीदारी पर 1000 रुपए का कैशबैक मिलेगा। 2500 की खरीदारी पर उन्हें अपने फ्यूचर पे ई-वॉलेट में 500 रुपए वापस मिलेंगे। बिग बाजार के सीईओ सदाशिव नायक के अनुसार - सबसे सस्ते 5 दिन भारत के सबसे बड़े शॉपिंग फेस्ट में से एक है जो हमारे सभी में भारतीय मनाते है। पुरुषों की फैशन डेनिम 1खरीदें 2 मुफ्त , ब्रांडेड सिंगल और डबल बेड शीट तकिया कवर के साथ 799 से ऊपर की खरीद पर 1मुफ्त एवं ज़ियामी (मोबाइल) 5ए 2जीबी रैम, 16 जीबी, 5 इंच स्क्रीन 5499 रुपए में पा सकतें हैं इसके अलावा और भी ढेरों उत्पादों में अविश्वनीय ऑफर पा सकते हैं।